



# शराब के नशे में प्रधान आरक्षक का हंगामा

## वीडियो वायरल होने पर एसपी ने किया निलंबित

**छतरपुर, 14 दिसंबर. जिले में पुलिस विभाग की छवि को धूमिल करने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है. शराब के नशे में हंगामा करने और थाना प्रभारी को फोन पर गालियां देने वाले प्रधान आरक्षक (हेड कांस्टेबल) मुकेश राजपूत को एसपी छतरपुर अगम जैन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.**

घटना से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने सख्त कार्रवाई करते हुए यह कदम उठाया. जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक मुकेश राजपूत वर्तमान में पुलिस लाइन में पदस्थ हैं और उनकी ड्यूटी बड़ामलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यायालय में लगी हुई थी. इस मामले में दो अलग-अलग वीडियो सामने आए हैं. पहले वीडियो में प्रधान आरक्षक फोन पर थाना प्रभारी को अशोभनीय भाषा में गालियां देते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि दूसरे वीडियो में वे शराब के नशे में झूमते हुए बाइक स्टार्ट करने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं. दोनों वीडियो सामने आने के बाद मामला पुलिस महकमे में चर्चा का विषय बन गया.



### शराब देने से इनकार करने पर की अभद्रता

बताया जा रहा है कि यह घटना 8 और 9 दिसंबर की है. इन्हीं दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कैबिनेट बैठक खजुराहो में आयोजित हुई थी, जिसके चलते जिले में पुलिस बल की विशेष ड्यूटी लगाई गई थी. इसी दौरान बिजावर थाना प्रभारी कमलजीत सिंह भी ड्यूटी पर तैनात थे. आरोप है कि इसी समय प्रधान आरक्षक मुकेश राजपूत शराब के नशे में हंगामा करने लगे. मामला एक शराब दुकान से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक प्रधान आरक्षक शराब खरीदने के लिए एक दुकान पर पहुंचे थे, लेकिन नशे की हालत को देखते हुए दुकान कर्मचारियों ने उन्हें शराब देने से इनकार कर दिया. साथ ही कर्मचारियों ने थाना प्रभारी से शिकायत करने की बात कही. इससे नाराज होकर प्रधान आरक्षक ने थाना प्रभारी को फोन कर गाली-गलौज शुरू कर दी. घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. इसके संज्ञान में आते ही पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने मामले को गंभीरता से लिया और प्रधान आरक्षक की मेडिकल जांच कराई गई. जांच में शराब के सेवन की पुष्टि होने के बाद देर रात निलंबन के आदेश जारी किए गए.

### अमर्यादित व्यवहार बर्दाश्त नहीं : एसपी



एसपी अगम जैन ने स्पष्ट किया है कि पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता और अमर्यादित व्यवहार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. मामले में विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है और दोषी पाए जाने पर आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

# डेढ़ माह का मासूम खौलती कढ़ाई में गिरा

**बमनीघाट गांव में घटित हुआ दर्दनाक हादसा**

**छतरपुर, 14 दिसंबर. जिले के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बमनीघाट गांव में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है. घर में खेलते समय डेढ़ माह का मासूम आग के चूल्हे पर रखी खौलती कढ़ाई में गिर गया, जिससे वह लगभग 60 प्रतिशत तक झुलस गया. मासूम की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज छतरपुर जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में जारी है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना शुक्रवार शाम करीब 7 बजे की है. बमनीघाट गांव निवासी शैलेश लोधी का डेढ़ माह का पुत्र इतिस घर के आंगन में खेल रहा था. उसी दौरान उसकी मां रीना लोधी रसोई में खाना बनाने की तैयारी कर रही थीं. चूल्हे पर कढ़ाई रखी हुई थी, जिसमें पानी गर्म हो रहा था. खेलते-खेलते मासूम अपनी मां के पास पहुंचने की कोशिश करने लगा और अचानक संतुलन बिगड़ने से वह सीधे खौलती कढ़ाई में गिर पड़ा. हादसे के बाद घर में चीख-पुकार मच गई. मां ने तुरंत बच्चे को कढ़ाई से बाहर निकाला और परिजनों की मदद से उसे बड़ामलहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. वहां प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे के गले, पेट, हाथ और पैर गंभीर रूप से झुलस गए हैं. प्राथमिक इलाज के बाद बच्चे की हालत में थोड़ी स्थिरता आने पर परिजन उसे घर ले गए. हालांकि शनिवार रात को मासूम की तबीयत अचानक फिर बिगड़ गई. बच्चे को तेज दर्द और परेशानी होने लगी, जिसके बाद परिजन उसे तत्काल छतरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे. यहां डॉक्टरों ने बच्चे को बर्न वार्ड में भर्ती कर लिया है. चिकित्सकों के अनुसार मासूम करीब 60 प्रतिशत तक झुलस चुका है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है. डॉक्टरों की टीम लगातार उसकी निगरानी कर रही है. मासूम के दादा जगत लोधी ने बताया कि चने की भाजी बनाने के लिए कढ़ाई में पानी गर्म किया जा रहा था. बच्चा अचानक मां की ओर दौड़ा और कपड़े में पैर उलझने से सीधे कढ़ाई में गिर गया. उन्होंने बताया कि यह हादसा कुछ ही पलों में हो गया और किसी को संभलने का मौका नहीं मिला. घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है. यह हादसा एक बार फिर रसोईघर में छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही के खतरों को उजागर करता है. विशेषज्ञों का कहना है कि छोटे बच्चों को रसोई से दूर रखना और गर्म बर्तनों के आसपास विशेष सावधानी बरतना बेहद जरूरी है.



## एक नजर में



### शौचालय के टैंक में मिला सांप और कंकाल

**चंदला, 14 दिसंबर.** नगर के वार्ड क्रमांक-1 बड़ा पुरवा में शनिवार, 13 दिसंबर को उस समय सनसनी फैल गई जब एक मकान के शौचालय टैंक में पुराना काला नाग और एक कंकाल मिलने की जानकारी सामने आई. बताया जा रहा है कि करीब तीन वर्ष पहले बने इस मकान के शौचालय टैंक के पास लोगों ने काला नाग देखा, जिसके बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया. स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी. टॉर्च की रोशनी में जब टैंक के भीतर ध्यान से देखा गया तो वहां एक मानव कंकाल भी दिखाई दिया. इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए चंदला पुलिस को भी सूचना दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की. काला नाग काफी कमजोर और जख्मी अवस्था में था. सर्प को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए अजयगढ़ से अनुभवी सर्प रेस्क्यूअर मन्नान खान को बुलाया गया. मन्नान खान ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू कर काले नाग को बाहर निकाला और देशी पिटारे में बंद कर अपने साथ ले गए. उन्होंने बताया कि सांप जख्मी है, पहले उसका उपचार कराया जाएगा, इसके बाद उसे सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ा जाएगा. वहीं शौचालय टैंक में मिले कंकाल को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कंकाल किसका है और वहां कैसे पहुंचा. पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है.

### पानी की बर्बादी रोकना आज की सबसे बड़ी जरुरत



**बुधनी.** जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद ने ग्राम बोरी में गुरुबाबा नाले पर बोरी बंधान का कार्य किया . श्रमदान कर नाले में पानी रोका गया, जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके. इस अभियान में ब्लॉक समन्वयक इंदर निकुम, नवांकुर संस्था ग्राम बोरी सोशल वेल्फेयर सोसायटी से रुपेश पुरी गोस्वामी, प्रस्फुटन समिति नयागांव से देवेंद्र लोधा एवं सुरेंद्र लोवंशी की सक्रिय भागीदारी रही. साथ ही ग्राम बोरी से नीलेश यादव, दीपांशु पूरी, राम पूरी, मोहित गौर, रोशन पूरी, मोहित यादव एवं रामचंद्र यादव सहित ग्रामीणों ने श्रमदान कर अभियान को सफल बनाया.

### नपाध्यक्ष ने किया शहीद स्मारक स्थल का निरीक्षण



**सीहोर.** शहीद स्मारक स्थल सैकड़ाखेड़ी रोड पर आगामी 16 दिसंबर को एक शाम शहीदों के नाम भारतीय सेना विजय दिवस एवं शहीद कुंवर चैन सिंह समारोह का आयोजन किया जा रहा है. इस मौके पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं एक्स सर्विस मैन वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में शहीद सैनिक परिवार सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इसको लेकर नपाध्यक्ष श्री राठौर, नपा सीएमओ सुधीर सिंह व सोसाइटी के पदाधिकारियों ने शहीद स्मारक स्थल का निरीक्षण किया. महानायक शहीद कुंवर चैन सिंह स्मारक स्थल पर भारतीय सेना के बलिदानी सैनिक परिवार एवं रणबॉकुरें 1971 के योद्धा सैनिकों का सम्मान किया जाएगा. मंगलवार की शाम पांच बजे शहर के शहीद स्मारक पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा.

### कलेक्टर व एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

**बुधनी.** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर कलेक्टर एवं एसपी ने किया स्थल निरीक्षण. उल्लेखनीय है कि 16 दिसंबर को मुख्यमंत्री, के प्रस्तावित बुदनी प्रवास के मद्देनज़र कलेक्टर बाला गुरु के एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, आमजन की सुविधा, पार्किंग, मंच व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की. उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध रूप से समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

# रेत से भरे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**चंदला, 14 दिसंबर. थाना अंतर्गत ग्राम बसंतपुर तिराहा पर शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. यह घटना 13 दिसंबर 2025 की रात करीब 8ः30 बजे की बताई जा रही है. हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बलकोरा निवासी 35 वर्षीय विनोद अहिरवार किसी आवश्यक कार्य से बसंतपुर तिगैला की ओर जा रहा था. जैसे ही वह बसंतपुर तिराहा पहुंचा, उसी दौरान रेत से ओवरलोड भरे एक ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि विनोद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया. घटना की जानकारी मिलते ही वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने



तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तुरंत चंदला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. सूचना मिलने पर चंदला पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है. वहीं, क्षेत्र में अवैध रूप से रेत परिवहन को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं.

# घने कोहरे से दृश्यता 50 मीटर तक सिमटी

**छतरपुर, 14 दिसंबर. रविवार की सुबह छतरपुर में मौसम का मिजाज अचानक बदला हुआ नजर आया.**

शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घना कोहरा छाने से ठंड का असर और अधिक बढ़ गया. सुबह के समय कोहरे की चादर इतनी घनी रही कि कई इलाकों में दृश्यता मात्र 50 मीटर तक सिमट गई. इससे आम जनजीवन के साथ-साथ यातायात भी प्रभावित हुआ. मौसम विभाग के अनुसार जिले में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. हवा की रफ्तार महज 2 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जिससे ठंड का असर लंबे समय तक महसूस किया गया. कोहरे के कारण सूरज देर से निकला और सुबह के समय सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दी. घने कोहरे का सबसे ज्यादा असर बमीठा-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर देखने को मिला. यहां वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट



जलाकर बेहद सावधानी के साथ वाहन चलाने पड़े. धीमी रफ्तार और बढ़ी सतर्कता के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, हालांकि किसी बड़ी दुर्घटना की सूचना नहीं मिली. पुलिस और यातायात विभाग ने भी वाहन चालकों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है. ठंड बढ़ने के चलते लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई. सुबह-शाम सर्दी का प्रकोप ज्यादा रहने से लोग घरों से निकलते समय गर्म कपड़ों, स्वेटर और शॉल का सहारा लेते नजर आए. बाजारों में भी सुबह के समय रौनक कम रही और लोग केवल जरूरी कामों के लिए ही बाहर निकले. स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सर्द मौसम को देखते हुए लोगों को गर्म पेय पदार्थ लेने, ताजा और पौष्टिक भोजन करने तथा बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है.मौसम में आई ठंड का असर कृषि गतिविधियों पर भी दिखाई दे रहा है. खेतों में फसलों की हरियाली बनी हुई है और किसान अपने खेतों में कार्य करते नजर आए. कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह ठंडा मौसम गेहूं, चना और मटर जैसी फसलों के लिए लाभकारी माना जाता है, क्योंकि इससे फसलों की बढ़वार बेहतर होती है और मिट्टी में नमी बनी रहती है. मटर जैसी फसलें नाइट्रोजन स्थिरीकरण कर मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ाती हैं.

हालांकि अत्यधिक ठंड और पाले की स्थिति कुछ फसलों के लिए नुकसानदायक हो सकती है. खासकर मटर और आलू की फसलों पर पाले का खतरा रहता है. कृषि विभाग ने किसानों को खेतों की नियमित निगरानी करने और आवश्यकता पड़ने पर सिंचाई व धुआं करने जैसे पाले से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है. मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तक जिले में मौसम इसी तरह बना रह सकता है. दिन में धूप निकलने से ठंड से कुछ राहत मिलने की संभावना है, लेकिन सुबह और रात के समय कोहरा और सर्दी लोगों को परेशान करती रहेगी.

# पुलिस ने आरोपियों का निकाला जुलूस

**छतरपुर, 14 दिसंबर. नगर में कानून-व्यवस्था को व अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से सिटी कोतवाली पुलिस ने पठापुर रोड पर युवक से मारपीट के मामले में सख्त कार्रवाई की है.**

इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार को उनका सार्वजनिक रूप से जुलूस निकाला, जिससे अपराधियों में कानून का भय और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा कायम किया जा सके. बीते दिनों सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पठापुर रोड पर एक युवक के साथ कुछ लोगों द्वारा बेरहमी से मारपीट की गई थी. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद मामला चर्चा में आ गया और लोगों में आक्रोश देखने को मिला. वीडियो में युवक के साथ की जा रही हिंसा साफ नजर आ रही थी, जिसके बाद पुलिस पर त्वरित कार्रवाई का दबाव बढ़ गया. मामले को गंभीरता से लेते हुए सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित जांच कर आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार किया. रविवार, 14



दिसंबर को दोपहर करीब 3 बजे पुलिस ने आरोपियों का जुलूस निकाला. यह जुलूस सिटी कोतवाली थाना परिसर से शुरू होकर महलों क्षेत्र तक निकाला गया. जुलूस के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा और पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य केवल आरोपियों को सबक सिखाना ही नहीं, बल्कि समाज में यह स्पष्ट संदेश देना भी है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा. युवक के साथ की गई मारपीट को गंभीर अपराध मानते हुए पुलिस आगे भी कठोर कानूनी कार्रवाई करेगी. जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे. लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की और कहा कि इससे क्षेत्र में अपराध करने वालों में डर बनेगा. पुलिस का मानना है कि इस तरह की सख्त कार्रवाई से असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगेगा और आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले की विवेचना जारी है और यदि घटना में अन्य लोग भी शामिल पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था पूरी तरह से सामान्य बनी हुई है.

# 30 करोड़ की सड़क पर फिर लग रहे पैबंद

**एफडीआर तकनीक से बनी करोड़ों की सड़क पहली बारिश नहीं झेल सकी**

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 14 दिसंबर. 30 करोड़ की लागत, बड़े दावे और आधुनिक तकनीक, लेकिन हकीकत में दो साल भी नहीं टिक पाई सड़क. 2023 में बनी श्यामपुर-सीहोर सड़क पर फिर पैबंद लगने लगे हैं. इससे प्रतीत होता है कि यह सड़क नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार, घटिया निर्माण और प्रशासनिक लापरवाही का जीता-जागता सबूत बन चुकी है.**

जिस एफडीआर तकनीक को भविष्य की सड़क बताकर प्रचार किया गया, वह पहली बारिश में ही दम तोड़ गई. गड्ढे, धंसी परतें और उखड़ा डामर चीख-चीखकर बता रहा है कि निर्माण में भारी खेल हुआ है. अब हालात सुधारने के नाम पर लीपापोती की जा रही है. कहीं मिट्टी, कहीं डामर, कहीं अस्थायी पैबंद. उल्लेखनीय है कि सीहोर मुख्यालय को श्यामपुर से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण एफडीआर तकनीक से किया गया था. इस सडक का निर्माण वर्ष 23 में ही पूरा किया गया था. करीब 30 करोड़ रुपये की लागत से 24 किलोमीटर सड़क बनाई गई सड़क को अभी दो साल भी नहीं हुए और सड़क में सैंकड़ों गड्ढे हो गए हैं. इससे साफ पता चलता है कि किस कदर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार का लंबा खेल खेला है. पिछले साल भी सड़क की दशा को छुपाने के लिए जिम्मेदार विभाग द्वारा पैबंद लगाए गए थे, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण के समय न गुणवत्ता जांच हुई, न सामग्री की सही माप. ठेकेदारों ने मनमानी की और अधिकारी मूकदर्शक बने रहे। अब जब फिर सड़क टूट गई तो जवाबदेही तय करने के बजाय पैबंदों से सच छिपाया जा रहा है. यह पैंचवर्क भी सीहोर विधायक सुदेश राय की फटकार के बाद शुरू हो सका है.

# दूषित केक खाने से युवक बीमार

**इछावर.** फूड पॉयजनिंग का मामला सामने आया है. यहां दूषित केक खाने से एक युवक की तबीयत बिगड़ गई, जिसे परिजनों द्वारा तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया. डॉक्टरों के अनुसार युवक को फूड पॉयजनिंग हुई है, फिलहाल उसका इलाज जारी है. जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी मेघराज ने नगर स्थित राधेश्याम दूध डेयरी से केक खरीदा था. केक खाने के कुछ ही समय बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी. उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया. घटना के बाद परिजन केक लेकर संबंधित दुकान पर पहुंचे और दुकानदार से शिकायत की, लेकिन दुकानदार ने अपनी गलती मानने से इनकार कर दिया। दुकानदार से खरीदे हुए केक का बिल मांगा तो दुकानदार ने बिल देने से इंकार कर दिया इससे आक्रोशित परिजनों ने नाराजगी जताई. परिजनों ने खाद्य विभाग से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

**संकल्प यात्रा** ▶ **जिला मुख्यालय पर स्वदेशी संकल्प यात्रा का हुआ भव्य स्वागत**

# स्वदेशी अपनाने से ही देश बन सकेगा आत्मनिर्भर

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 14 दिसंबर.** नागपुर से प्रारंभ हुई स्वदेशी जागरण मंच एवं केट के संयुक्त तत्वाधान में स्वदेशी संकल्प यात्रा सीहोर में आई. तहसील चौराहा से प्रारंभ होकर कोतवाली चौराहे तक आयोजित की गई.

यात्रा का प्रारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नपा अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, अजय जैन तथा केट जिला अध्यक्ष अंबर जैन ने रथ यात्रा को केसरिया झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया. यात्रा में स्वदेशी से संबंधित स्वदेशी वस्तुओं की




सूची का वितरण भी किया गया। यात्रा में केट के सदस्य व्यापरीकरण के साथ ही स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता, स्वदेशी अपनाओ, देश को समृद्ध बनाओ जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे. कोतवाली चौराहे पर मंच के राष्ट्रीय परिषद सदस्य अरुषेन्द्र शर्मा द्वारा स्वदेशी संकल्प यात्रा का उद्देश्य, आवश्यकता एवं प्रासंगिकता पर एक छोटा विषय रखा. स्वदेशी संकल्प उपस्थित जन समुदाय को दिलवाया. इस संकल्प यात्रा में स्वदेशी जागरण मंच से मनोज यादव, हुकुम सिंह ठाकुर, प्रदीप सेंगर, संजय सक्सेना सहित स्वदेशी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जैन समाज अध्यक्ष अजय जैन, शील जैन, सुनील जैन, सुदीप लोवनिया, राजकुमार जैन, अजय जैन, सतीश धाकड़, मुकेश गुप्ता, राकेश मेवड़ा, प्रदीप साबू, सन्नी महाजन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे. अंत में आभार केट सीहोर के अध्यक्ष अंबर जैन ने व्यक्त किया.

# पाइप में छेद कर ले रखे थे अवैध कनेक्शन

**नवभारत न्यूज**

**भैरूंदा 14 दिसंबर.** जल निगम के अधिकारियों द्वारा मरदानपुर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत भैरूंदा जनपद के ग्राम मांगरोल, ग्राम पंचायत टीकामोड अवैध मोटर पंप जब्ती की कार्यवाही की गई.

ग्राम मांगरोल में कुछ उपभोक्ताओं द्वारा अवैध मोटर पंप का उपयोग करके पानी लिया जा रहा था. इसके साथ ही गांव में अवैध रूप से पेयजल पाइपलाइन में छेद करके कनेक्शन कर लिए गए थे, जिससे ग्राम की जलप्रदाय व्यवस्था बाधित हो रही थी. इसी पर कार्रवाई करते हुए मोटर पम्प की जब्ती की गई है. विभाग के अधिकारियों ने बताया इस प्रकार की कार्यवाहियां निरंतर जारी हैं.



ताकि परियोजना के सभी गांवों में सुचारू रूप से जलप्रदाय किया जा सके. उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वह पाइपलाईन से छेड़छाड़ न करें, अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए मोटर पंप जब्त किए जाएंगे.